बरेली, शनिवार
27 अक्टूबर 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+4=28

दैनिक जागरण

जोनल स्पोर्ट्स में निशांत, सैयद को गोल्ड

फेस्ट के पहले दिन फ्यूचर इंस्टीट्यूट में हुईं कई प्रतियोगिताएं आज सेमीफाइनल मुकाबले होंगे

स्थानीय खेलकूद

जागरण संवाददाता, बरेली : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी की ओर से फ्यूचर इंस्टीट्यूट में आयोजित जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट-2018 का शुक्रवार को रंगारंग आगाज हुआ। पहले दिन शॉटपुट में फ्यूचर इंस्टीट्यूट के निशांत, डिस्कस थ्रो में निशांत सिंह, लांग जंप में एमआइटी, मुरादाबाद के सैयद आलमगिरी ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन करते कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ल ●

प्रतियोगिता का शुभारंभ रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल कुमार शुक्ला, फ्यूचर के चेयरमैन मुकेश गुप्ता, महानिदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने मशाल जलाकर और गुब्बारे उड़ाकर किया। मेजबान संस्था के कई विद्यार्थियों ने मंच पर रंगारंग नृत्य पेश कर आगाज को रंगीन बना दिया। इसके बाद एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉस्केटबाल, शतरंज, वालीबाल, फुटबाल, टेबल टेनिस, खो-खो शतरंज के मुकाबले खेले गए। इसमें वॉलीबाल के कल होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों के लिए फ्यूचर इंजीनियरिंग कॉलेज, एसआरएमएस, राजश्री, आरबीएमआइ की टीम ने प्रवेश किया। वहीं, बैडमिंटन में फ्यूचर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, एसआरएमएस और एमआइटी की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है। डॉ. मनीष शर्मा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा ही देश के विकास और राष्ट्र को शिखर पर ले जाने में युवाओं का ही महत्वपूर्ण योगदान होता है। रुविवि के कुलपति प्रो. अनिल कुमार शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना ही हमारा लक्ष्य होता है। जीत का जज्बा लेकर आगे बढ़ने पर ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है। इस दौरान डॉ. रितेश सक्सेना, डॉ. केपीएस चौहान, डॉ. हेमेंद्र गौतम, डॉ. एमके सिंह, ईश कक्कड़, डॉ. केपी गंगवार, अमित चंद्रा आदि मौजूद रहे।